आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 26.04.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा – स्कूलों में लंबे समय से गैरहाजिर शिक्षकों और कर्मचारियों को बर्खास्त किया जाएगा।
- गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के प्रमुख पड़ावों पर इस वर्ष यात्रा के दौरान एम्स के सात सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी।
- बागेश्वर में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनो के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर श्री मोदी ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है। आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है।

समीक्षा

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि विद्यालयों में लंबे समय से गैरहाजिर शिक्षकों और कर्मचारियों को बर्खास्त किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में शिक्षा विभाग की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने ऐसे शिक्षकों और कर्मचारियों की जिला और विकासखंडवार सूची तैयार कर महानिदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा। इसके अलावा, स्वैच्छिक और अनिवार्य सेवानिवृत्ति के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने और अक्षम शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें के वितरण की भी समीक्षा की गई। डॉ. रावत ने कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की सभी विषयों की पाठ्य पुस्तकें अनिवार्य रूप से विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि पाठ्य पुस्तकों का समय पर वितरण न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अपराध समीक्षा

पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊं, रिधिम अग्रवाल ने अल्मोड़ा स्थित पुलिस लाइन सभागार में आयोजित अपराध समीक्षा गोष्ठी की अध्यक्षता की। इस दौरान साइबर अपराध, नशा, महिला अपराध और थानों में लंबित मामलों की समीक्षा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों को इन मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि पर्यटक सीजन के दौरान ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए पुलिस बल को बेहतर ढंग से तैनात किया जाएगा और गूगल मैप्स के जरिए सही मार्गों की जानकारी दी जाएगी, ताकि पर्यटक आसानी से पार्किंग स्थल तक पहुंच सकें।

उन्होंने यह भी बताया कि ए.आई. तकनीक के जरिए अपराध नियंत्रण को मजबूत किया जा रहा है। राज्य में साइबर कमांडोज़ की टीम बनाई गई है, जो अन्य पुलिस कर्मियों को भी प्रशिक्षित करेगी।

सूर्या ड्रोन टैक– 2025

भारतीय सेना की मध्य कमान और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के सहयोग से आगामी 29 से 30 अप्रैल तक देहरादून कैंट के जसवंत ग्राउंड, में सूर्य ड्रोन टैक– 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय एक्सपो विभिन्न रक्षा उपयोगों के लिए उपयुक्त स्वदेशी ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करेगा, जो "आत्मनिर्भर भारत" पहल के अनुरूप है।

सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक तैनाती

गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के प्रमुख पड़ावों पर इस वर्ष यात्रा के दौरान एम्स के सात सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी। गढ़वाल मंडल की चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक डॉ. शिखा जंगपांगी ने उत्तरकाशी पहुंचकर चारधाम यात्रा की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी।

अपने दो दिवसीय दौरे की शुरुआत उन्होंने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण से की, जहां उन्होंने आई.सी.यू, कार्डियक केयर यूनिट, जनरल वार्ड, लैब, निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट और आयुष्मान सेल का जायजा लिया। डॉ. जंगपांगी ने यात्रा ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए आवास और भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए चिकित्सालय में सभी उपकरण और जीवनरक्षक दवाएं 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

बैठक

टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद सभागार, मुनिकीरेती में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने यात्रा को सरल और सुगम बनाने के लिए यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता देने और सड़क सुरक्षा से जुड़े शेष कार्यों को 28 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिए।

नगर पालिका मुनिकीरेती और नगर पंचायत तपोवन को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और निराश्रित पशुओं को गौशाला भेजने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही परिवहन अधिकारी को चेक पोस्ट पर वाहनों की ओवर लोडिंग और फिटनेस की जांच के लिए योजना बनाकर कार्रवाई करने को कहा गया।

नरेन्द्र नगर के उपजिलाधिकारी को यात्रा के दौरान क्षेत्र में रहकर नियमित निगरानी करने और जिला पंचायत अधिकारियों को शिवपुरी, कौड़ियाला और ब्यासी जैसे क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया।

महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण

बागेश्वर में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर की ओर से आयोजित प्रशिक्षण में 25 महिलाएं जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर का प्रशिक्षण ले रही हैं। यह 35 दिवसीय निःशुल्क व आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें जिले के तीनों विकास खण्डों की महिलाएं भाग ले रही हैं। संस्थान के निदेशक दिनेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है।

प्रशिक्षण में भाग ले रही पूजा मेहता इस पहल से काफी उत्साहित हैं। उनका कहना कि यह प्रशिक्षण उनके लिए एक नई शुरुआत है, जिससे वे अब आत्मनिर्भर बनने का सपना देख पा रही हैं।

गौरतलब है कि संस्थान सिर्फ ब्यूटी प्रैक्टिशनर ही नहीं, बल्कि मशरूम उत्पादन, धूप–अगरबत्ती बनाना, अचार–पापड़, सिलाई और मत्स्य पालन जैसे कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए यह प्रशिक्षण एक नई राह खोल रहा है और वे आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही हैं।